**INDIA NON JUDICIAL**

**Government of Uttar Pradesh**

**e-Stamp**

PRAKASH JAISWAL
ACC Code-UP14161804 Lic.No-725
District Court, Prayagraj
Mob.- 9696317624
District Sadar, Prayagraj

| | | |
|---|---|---|
| Certificate No. | : | IN-UP01430052090944V |
| Certificate Issued Date | : | 30-Aug-2023 11:36 AM |
| Account Reference | : | NEWIMPACC (SV)/ up14161804/ PRAYAGRAJ SADAR/ UP-AHD |
| Unique Doc. Reference | : | SUBIN-UPUP1416180498445737596961V |
| Purchased by | : | VIKAS EVAM SAMAJ UTTHAN SAMITI PRAYAGRAJ |
| Description of Document | : | Article 4 Affidavit |
| Property Description | : | Not Applicable |
| Consideration Price (Rs.) | : | |
| First Party | : | VIKAS EVAM SAMAJ UTTHAN SAMITI PRAYAGRAJ |
| Second Party | : | Not Applicable |
| Stamp Duty Paid By | : | VIKAS EVAM SAMAJ UTTHAN SAMITI PRAYAGRAJ |
| Stamp Duty Amount(Rs.) | : | 100 (One Hundred only) |

NOTARY GOVT. OF U.P.

NOTARIAL NOTARIAL

शपथ पत्र
(प्रारूप–अ)

हम सरिता सिंह, एवं ज्ञान सिंह, क्रमशः अध्यक्ष एवं प्रबन्धक विकास एवं समाज उत्थान समिति सोनाई करछना, प्रयागराज शपथपूर्वक निम्नवत् बयान करते हैं–

1. यह कि हमारी सोसाइटी द्वारा सावित्री देवी कालेज ऑफ फार्मेसी, घटवा, सोनाई करछना, प्रयागराज नामक डिप्लोमा इन फार्मेसी संस्थान की स्थापना सत्र 2023–24 से किया जाना प्रस्तावित है।

सरिता सिंह

2. यह कि हमारी सोसाइटी के नाम घटवा सोनाई, करछना, प्रयागराज में गाटा संख्या 769मि0 एवं 773, रकबा क्रमशः 0.2052 एवं 0.6505 हेक्टेयर (कुल रकबा 0.8557 हेक्टेयर) भूमि है।

3. यह कि उपरोक्त भूमि पर किसी प्रकार का कोई भी वाद किसी भी न्यायालय में नहीं चल रहा है, और भूमि विवाद रहित है।

4. यह कि उपरोक्त पते पर सोसाइटी के नाम उपलब्ध भूमि के गाटा संख्या 769मि0 एवं 773, रकबा क्रमशः : 0.2052 एवं 0.6505 हेक्टेयर (कुल रकबा 0.8557 हेक्टेयर) पर उपरोक्त नाम की डिप्लोमा इन फार्मेसी संस्थान की स्थापना किये जाने का प्रस्ताव सोसाइटी की बैठक दिनांक 11/09/2019 द्वारा पारित किया गया है।

5. यह कि उपरोक्त भूमि पर ही प्रश्नगत डिप्लोमा फार्मेसी संस्थान के संचालन हेतु भवनों का निर्माण अनुमोदित नक्शे के अनुसार किया गया है।

6. यह कि निरीक्षण समिति के समक्ष उपरोक्त पते पर सोसाइटी के नाम भूमि एवं उस पर निर्मित एवं निर्धारित भवनों को ही निरीक्षण समिति के समक्ष निरीक्षण हेतु प्रस्तुत किया गया है।

7. यह कि इस भूमि एवं इस पर निर्मित भवनों पर फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली के नियमों के अंतर्गत ही डिप्लोमा फार्मेसी संस्थान का ही संचालन किया जायेगा।

8. यह कि इस संस्था में फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद से सम्बद्ध पाठ्यक्रम एवं प्रवेश क्षमता के अनुसार ही पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

9. यह कि उपरोक्त भूमि व इस पर निर्मित भवनों में फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली से अनुमोदित एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ से सम्बद्ध संस्था एवं पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त किसी अन्य परिषद/विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित/सम्बद्ध कोई अन्य संस्थान/विद्यालय/महाविद्यालय/आई0टी0आई0 आदि का संचालन न तो पूर्व में कभी किया गया है और न ही भविष्य में कभी किया जायेगा।

10. यह कि संस्थान के संचालन हेतु आवश्यक क्लास रूम, प्रयोगशालाओं एवं कार्यशालाओं आदि को फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद के मानकों के अनुसार ही सुसज्जित किया जायेगा।

11. यह कि संस्था के संचालन हेतु आवश्यक शैक्षिक एवं अशैक्षिक स्टाफ की तैनाती सोसाइटी द्वारा सत्र प्रारम्भ के पूर्व कर लिया जायेगा।

12. यह कि शासन/परिषद द्वारा निर्गत निर्देशों/आदेशों की भलीभांति पालन करूंगा। यदि मेरे संस्थान में किसी भी समय स्थलीय निरीक्षण में मानकानुसार कोई भी कमी पायी जाती है तो परिषद की निरीक्षण एवं सम्बद्धता समिति द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा एवं मुझे मान्य होगा। इस हेतु मेरे द्वारा कोई विधिक कार्यवाही नहीं की जाएगी।

13. मैं घोषणा करता/करती हूं कि मेरे द्वारा दी गयी उपरोक्त सूचना मेरी निजी जानकारी में पूर्ण रूप से सत्य है। यदि दी गयी जानकारी एवं अभिलेख/दस्तावेज फर्जी, कूटरचित अथवा त्रुटिपूर्ण पाये जाते हैं तो मेरे विरुद्ध परिषद द्वारा नियमानुसार कानून संगत कार्यवाही की जा सकेगी। ऐसी की गयी विधिक कार्यवाही हेतु मैं स्वयं उत्तरदायी होऊँगा।

हस्ताक्षर प्रबन्धक

हस्ताक्षर अध्यक्ष

SIGN/T.I. IDENTIFIED
01/09/23
Advocate
V.C. Tiwari

SOLEMNLY AFFIRMED before me
on 01/09/23 at AM/PM, by Sri
Smt. Sarita Singh w/o Gyan Singh
identified by Mr. Self
Advocate to be his/her affidavit are
true and correct Which is here by
Verified and attested
V. C. Tiwari 01/09/23
Advocate Notary
Allahabad